2022

HINDI

(Modern Indian Language)

Paper : HIN-CC-3016

(हिन्दी काव्यधारा)

Full Marks : 80

Time : 3 hours

The figures in the margin indicate full marks for the questions

1. निम्नलिखित प्रश्नों में से किन्हीं दस के उत्तर पूर्ण वाक्य में दीजिए : 1×10=10

(क) कबीर की वाणियों का संग्रह किस नाम से जाना जाता है?

(ख) शंकरदेव का जन्म किस ईस्वी को हुआ था?

(ग) बरगीत किसे कहते हैं?

(घ) सूरदास किनके शिष्य थे?

(ङ) मीराँबाई के पदों की भाषा क्या है?

(च) तुलसीदास की किसी एक कृति का नामोल्लेख कीजिए।

(छ) 'भारत-भारती' किसकी रचना है?

(ज) मैथिलीशरण गुप्त की कविताओं का मुख्य स्वर क्या है?

(झ) 'एक भारतीय आत्मा' किन्हें कहा जाता है?

(ञ) किस काव्य-कृति के लिए पंत को ज्ञानपीठ पुरस्कार प्राप्त हुआ है?

(ट) 'कुकुरमुत्ता' किस कवि की कृति है?

(ठ) 'हालावाद' के प्रवर्तक कवि कौन हैं?

(ड) 'मधुशाला' का प्रकाशन-वर्ष लिखिए।

(ढ) 'सूरसारावली' किनकी कृति है?

(ण) 'साखी' का तात्पर्य क्या है?

(त) मीराँबाई की भक्ति का मूल आधार क्या है?

(थ) "मसि कागद छूयौ नहीं, कलम गह्यो नहिं हाथ।" यह किसकी उक्ति है?

(द) 'रामबिजय' नाटक के नाटककार कौन हैं?

2. निम्नलिखित प्रश्नों में से किन्हीं पाँच के अति संक्षिप्त उत्तर दीजिए : 2×5=10

(क) बरगीत की किन्हीं दो विशेषताओं का उल्लेख कीजिए।

(ख) "अथिर धनजन जीवन यौवन" —शंकरदेव ने ऐसा क्यों कहा है?

(ग) "माँगन मरन समान है, मत कोई माँगो भीख" —उक्त पंक्ति का अर्थ स्पष्ट कीजिए।

(घ) मीराँबाई पतियाँ क्यों नहीं लिख पा रही हैं?

(ङ) मैथिलीशरण गुप्त को 'राष्ट्रकवि' कहने का क्या कारण है?

(च) "स्मृति दीपक बुझता बार-बार" से कवि का क्या तात्पर्य है?

(छ) विजय प्राप्त करके भी अशोक चिन्तित क्यों थे?

(ज) 'तोड़ती पत्थर' की नायिका कहाँ पत्थर तोड़ रही थी?

(झ) पंत ने जीर्ण पत्तों को जल्दी झरने के लिए क्यों कहा है?

(ञ) 'दोहावली' के आधार पर तुलसीदास की किन्हीं दो काव्यगत विशेषताओं का उल्लेख कीजिए।

3. निम्नलिखित प्रश्नों में से किन्हीं चार के संक्षिप्त उत्तर दीजिए : 5×4=20

(क) "रहना नहीं देश बिराना है।" —का भाव स्पष्ट कीजिए।

(ख) प्रेम के संबंध में कबीरदास ने क्या कहा है?

(ग) मीराँबाई की पदावली पर एक टिप्पणी लिखिए।

(घ) 'भ्रमर गीत' के आधार पर सूरदास की किन्हीं पाँच काव्यगत विशेषताओं का वर्णन कीजिए।

(ङ) 'पुष्प की अभिलाषा' कविता का मूल प्रतिपाद्य लिखिए।

(च) हरिवंशराय बच्चन का साहित्यिक परिचय दीजिए।

(छ) कवि के रूप में जयशंकर प्रसाद का संक्षिप्त परिचय दीजिए।

(ज) 'अशोक की चिन्ता' कविता का भावार्थ लिखिए।

4. निम्नलिखित प्रश्नों में से किन्हीं चार के सम्यक् उत्तर दीजिए : 10×4=40

(क) सप्रसंग व्याख्या कीजिए :

कहतु शंकर ए दुख सागर
पार करा हृषिकेश।
तुहु गति मति देहु श्रीपति
तत्व पंथ उपदेश॥

अथवा

मेरी आहों का अश्रु-दान
स्मृति-रत्नों से भूक्ति महान,
उस झाँकी पर होऊँ निसार
बह चली, आह! कैसी बयार!

(ख) सप्रसंग व्याख्या कीजिए :

धीरे धीरे रे मना, धीरे सब कुछ होय।
माली सींचै सौ घड़ा, ऋतु आये फल होय॥

अथवा

कहता है कौन कि भाग्य ठगा है मेरा?
वह सुना हुआ भय दूर भगा है मेरा।
कुछ करने में अब हाथ लगा है मेरा,
वन में ही तो गार्हस्थ्य जगा है मेरा।

(ग) 'साखी' में कबीरदास ने गुरु की महिमा का वर्णन किन रूपों में किया है? सोदाहरण उत्तर दीजिए।

(घ) 'भ्रमर गीत' के आधार पर सूर के विरह-वर्णन पर एक लेख प्रस्तुत कीजिए।

(ङ) "माखनलाल चतुर्वेदी की रचनाओं का प्रधान स्वर राष्ट्रप्रेम और आत्मोसर्ग का है।" सतर्क पुष्टि कीजिए।

(च) महादेवी वर्मा की काव्यगत विशेषताओं का चित्रण कीजिए।

(छ) 'आत्म-परिचय' शीर्षक कविता का सारांश प्रस्तुत कीजिए।

(ज) 'प्रज्वलित वह्नि' शीर्षक कविता की मूल संवेदना पर प्रकाश डालिए।

(झ) 'तोड़ती पत्थर' कविता के आधार पर कविवर 'निराला' की प्रगतिवादी विचारधारा को स्पष्ट कीजिए।

(ञ) 'पतझर' कविता में चित्रित प्रकृति-वर्णन को अपने शब्दों में लिखिए।

★ ★ ★